नवाचार | नगर निगम को सौंपा नि :शुल्क उपहार, शहर की व्यवस्थाओं को सुधारने युवा आ रहे आगे

# 11वीं के छात्र अभिवीर ने बनाया महापौर हेल्पलाइन एप



**नवभारत,जबलपुर।** संस्कारधानी के युवाओं की तकनीकी प्रतिभा अब शहर की व्यवस्थाओं को सुधारने में मील का पत्थर साबित हो रही है। इसी कड़ी में जबलपुर के मूल निवासी और वर्तमान में फिलीपींस में शिक्षा प्राप्त कर रहे 11वीं कक्षा के 16 वर्षीय छात्र अभिवीर सिंह ने एक सराहनीय मिसाल पेश की है। अभिवीर सिंह ने अपनी तकनीकी दक्षता का उपयोग करते हुए महापौर हैल्पलाइन नामक एक विशेष मोबाइल एप्लीकेशन विकसित किया है, जिसे उन्होंने शनिवार को नगर निगम जबलपुर को नि:शुल्क भेंट किया।

### पारदर्शिता और त्वरित समाधान का नया माध्यम

नगर निगम मुख्यालय में आयोजित एक चर्चा और बैठक के दौरान अभिवीर सिंह ने यह एप महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' और निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार को सौंपा। इस एप का मुख्य उद्देश्य नागरिक सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़, पारदर्शी और जवाबदेह बनाना है।

### ये हैं एप की विशेषताएं

नागरिक अपनी समस्याओं को सीधे एप के माध्यम से दर्ज कर सकेंगे, दर्ज की गई शिकायतों की वर्तमान स्थिति क्या है, इसे नागरिक खुद ट्रैक कर पाएंगे, प्रशासन द्वारा शिकायतों के समाधान के लिए एक समय सीमा तय की जाएगी, जिससे जनता को भटकना नहीं पड़ेगा, अभिवीर ने इस आधुनिक तकनीक के लिए नगर निगम से कोई शुल्क नहीं लिया है, जो उनके शहर के प्रति सेवा भाव को दर्शाता है।


### एप में शामिल हैं नगर निगम की प्रमुख सेवाएं

इस एप में नगर निगम की प्रमुख सेवाओं को शामिल किया गया है, जिनमें मुख्य रूप से स्वच्छता एवं कचरा प्रबंधन, सीवरेज एवं जल निकासी, स्ट्रीट लाइट एवं प्रकाश व्यवस्था, सड़क एवं निर्माण कार्य संबंधित शिकायतें, उद्यान एवं पेड़-पौधों का रख-रखाव, जल आपूर्ति एवं पाइप लाइन समस्याएं, सार्वजनिक शौचालय एवं स्वच्छता सेवाएं, राजस्व एवं कर संबंधी शिकायतें एवं अन्य सेवाएं हैं।



# भेड़ाघाट में लेजर लाइट शो बना आकर्षण का केंद्र

पर्यटकों की उमड़ रही भीड़




**नवभारत,जबलपुर।** मध्यप्रदेश के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल भेड़ाघाट में इन दिनों लेज़र लाइट शो पर्यटकों के बीच खासा आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। प्राकृतिक सुंदरता के लिए मशहूर इस स्थल पर अब आधुनिक तकनीक का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। यह लेज़र लाइट शो हर घंटे आयोजित किया जाता है, जिसकी अवधि लगभग 30 मिनट होती है। रंग-बिरंगी रोशनी और मनमोहक संगीत के साथ प्रस्तुत यह शो दर्शकों को एक अलग ही दुनिया में ले जाता है। शो में स्थानीय इतिहास, संस्कृति और नर्मदा नदी की महिमा को भी खूबसूरती से दर्शाया जाता है।

### पर्यटकों को भा रहा लेजर शो

पर्यटकों का कहना है कि यह शो बच्चों और बड़ों—दोनों के लिए बेहद मनोरंजक और ज्ञानवर्धक है। खासकर शाम के समय जब संगमरमर की चट्टानों पर रोशनी पड़ती है, तो दृश्य और भी अद्भुत हो जाता है। स्थानीय प्रशासन द्वारा की गई इस पहल से पर्यटन को बढ़ावा मिल रहा है और बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचकर इस अनोखे अनुभव का आनंद ले रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह के आयोजन क्षेत्र की पहचान को और मजबूत करते हैं।

## एक नजर में

### केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल का जबलपुर में स्वागत

**नवभारत,जबलपुर।** भारत सरकार में केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय) के कुर्मी क्षत्रिय समाज के राष्ट्रीय अधिवेशन में सहभागिता के लिए जबलपुर आगमन पर रेलवे स्टेशन पर उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर भाजपा के महामंत्री रंजीत पटेल, दशरथ पटेल, सुरेश पटेल, आदेश पटेल, राहुल पटेल सहित समाज के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर मंत्री जी का गर्मजोशी से स्वागत किया।





### 'जल गंगा संवर्धन अभियान' से महकेगी महाराजपुर की ऐतिहासिक बावली

**नवभारत,जबलपुर।** मध्य प्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी योजना 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के अंतर्गत संस्कारधानी के प्राचीन जल स्त्रोतों के दिन बदलने वाले हैं। मुख्यमंत्री के विजन को धरातल पर उतारते हुए जिला एवं नगर निगम प्रशासन अब शहर की ऐतिहासिक बावलियों और तालाबों को उनके पुराने वैभव में लौटाने के लिए युद्ध स्तर पर जुट गया है। शनिवार को कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह एवं नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने महाराजपुर स्थित ऐतिहासिक बावली सहित शहर के विभिन्न विकास कार्यों का सघन निरीक्षण किया। महाराजपुर की प्राचीन बावली के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने इसके ऐतिहासिक महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सफाई एवं सौंदर्यीकरण बावली की सफाई कराकर उसे पूर्णत: स्वच्छ किया जाए। और आधुनिक तकनीकों का उपयोग करते हुए बावली को उसके पारंपरिक स्वरूप में वापस लाया जाए।

**जल संरचनाओं को आत्मनिर्भर बनाना है लक्ष्य**-अधिकारी द्वय ने कहा कि हमारा लक्ष्य केवल सफाई करना नहीं, बल्कि इन जल संरचनाओं को आत्मनिर्भर बनाना है ताकि ये शहर की जलापूर्ति में सहायक सिद्ध हों। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर और निगमायुक्त ने कृषि विश्वविद्यालय एवं गोहलपुर पुलिया का भी निरीक्षण किया और पुलिया चौड़ीकरण की कार्यवाही सुनिश्चित करने के साथ अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाएं चाक चौबंद रखने निर्देश दिए।



### शहपुरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को मिला एनक्यूएएस प्रमाण पत्र

**नवभारत,जबलपुर।** जबलपुर जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शहपुरा को भारत सरकार स्वास्थ्य मंत्रालय की टीम द्वारा एनएक्यूएस 94 प्रतिशत अंकों के साथ सर्टिफाइड किया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शहपुरा जिले का प्रथम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है जिसे यह प्रमाण पत्र मिला है। इस सफलता के लिए सीबीएमओ डॉक्टर सी के अतरौलिया और उनकी पूरी टीम ने काफी मेहनत की है वहीं बीएमओ डॉक्टर अतरौलिया ने सभी नोडल और सहायक नोडल व पूरी टीम को इस सफलता के लिए क्षेत्र वासियों को बधाई दी है। विदित हो कि एनक्यूएएस सर्टिफिकेट प्राप्त करने के लिए लंबी जटिल प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है ।कई बिंदुओं पर हॉस्पिटल का मूल्यांकन होता है पहले राज्य स्तरीय टीम के द्वारा स्तर से इसका मूल्यांकन होता है ।निरीक्षण के बाद पास होने पर भारत सरकार दिल्ली स्वास्थ्य मंत्रालय की टीम द्वारा तीन दिनों तक 11 विभागों द्वारा मरीजों को दी जाने वाली सुविधाएं एवं रिकॉर्ड स्टाफ इंटरव्यू एवं सभी मरीजों को दी जाने वाली व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण करती है और इन सब में पास होने के बाद ही एनक्यूएएस का सर्टिफिकेट मिलता है ।यह प्रमाण पत्र गुणवत्तापूर्ण सुधार व गुणवत्तापूर्ण मरीजों की सेवाओं देने के लिए दिया जाता है । एनक्यूएएस सर्टिफाइड होने के बाद भारत सरकर व राज्य द्वारा अस्पताल की सुविधाओं के उन्नयन हेतु विशेष प्रयास किए जाते हैं ।

# बैंक ऑफ इंडिया जबलपुर का मिश्रित व्यवसाय 8500 करोड़ के पार




**नवभारत,जबलपुर।** बैंक ऑफ इंडिया, जबलपुर अंचल ने अपनी 52 शाखाओं के साथ मिलकर वित्तीय वर्ष 2025-26 में शानदार प्रदर्शन करते हुये 8500 करोड़ कुल मिश्रित व्यवसाय को पार किया है। जो कि पिछले 2 वित्तीय वर्षों में हुये व्यवसाय की तुलना में 26च प्रतिशत अधिक है।

रमेश कुमार (आंचलिक प्रबन्धक) एवं संतोष सहाय (उप-आंचलिक प्रबन्धक) ने इसके लिए अपने सभी सम्माननीय ग्राहकों एवं अपने स्टाफ सदस्यों को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया एवं इसी प्रकार बैंक ऑफ इंडिया को सहयोग देते रहने हेतु आग्रह किया।

### कुछ इस तरह की हैं सुविधाएं

उल्लेखनीय है कि बैंक ऑफ इंडिया अपने मौजूदा एवं नये खाता धारकों को नियमानुसार बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के निम्नानुसार दुर्घटना (मृत्यु) बीमा कवर उपलब्ध करा रहा है। जिसमें बचत खाते में कम से कम 10 हजार त्रैमासिक बैलेन्स रखने पर 10 लाख तक का दुर्घटना (मृत्यु) बीमा कवर होगा, वेतन खाता रखने पर बिना किसी बैलेन्स के भी 50 लाख तक का दुर्घटना (मृत्यु) बीमा कवर होगा , पेंशन खाता रखने पर किसी बैलेन्स के भी 25 लाख तक का दुर्घटना (मृत्यु) बीमा कवर होगा और करंट अकाउंट / चालु खाता रखने पर 5 लाख तक का दुर्घटना (मृत्यु) बीमा कवर रहेगा। इसके अलावा भी बैंक ऑफ इंडिया खाता धारकों को भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से भी जुड़ने की सुविधा उपलब्ध है।

### ओमकार पटेल बने संभाग अध्यक्ष



**नवभारत,जबलपुर।** जय महाकाल संघ अंतरराष्ट्रीय बजरंग दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कन्हैया रामकृष्ण तिवारी ने संगठन कार्य विस्तार की दृष्टि से बरेला धनपुरी निवासी ओमकार पटेल को जबलपुर संभाग अध्यक्ष नियुक्त किया है और साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ संगठन के लिए समर्पण की कामना की। नीलू सोनकर राष्ट्रीय मंत्री, अमरनाथ सोनकर प्रांत उपाध्यक्ष, सुमित यादव जिला संगठन मंत्री ने ओमकार पटेल को संभाग अध्यक्ष की नियुक्ति पर बधाइयां दीं हैं ।

### जबलपुर की बेटी अनन्या मिश्रा ने बढ़ाया मान

बीडीएस फाइनल में प्रदेश की 'टॉप-10' सूची में बनाई जगह



**नवभारत,जबलपुर।** मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा घोषित बी.डी.एस. फाइनल ईयर के परीक्षा परिणामों में जबलपुर की होनहार छात्रा अनन्या मिश्रा ने प्रदेश की प्रावीण्य सूची में टॉप-10 स्थान प्राप्त कर शहर को गौरवान्वित किया है।न्यू राम नगर, अधारताल की निवासी अनन्या मिश्रा, हितकारिणी डेंटल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, जबलपुर की छात्रा हैं। उन्होंने अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिचय देते हुए न केवल कॉलेज, बल्कि पूरे जिले का नाम प्रदेश स्तर पर चमकाया है। उनकी इस उपलब्धि पर कॉलेज प्रबंधन और सहपाठियों में हर्ष का माहौल है।अपनी इस शानदार सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए अनन्या ने इसका श्रेय अपनी माता श्रीमती मीरा मिश्रा, पिता संजय मिश्रा और अपने गुरुजनों को दिया है। अनन्या का मानना है कि परिवार के अटूट सहयोग और शिक्षकों के सही मार्गदर्शन के बिना यह मुकाम हासिल करना संभव नहीं था। यह मेरे लिए गर्व का क्षण है। माता-पिता के प्रोत्साहन और शिक्षकों की मेहनत ने मुझे हमेशा सर्वश्रेष्ठ करने की प्रेरणा दी।

### भविष्य की राह : अब एमडीएस का लक्ष्य

अनन्या केवल यहीं रुकने वाली नहीं हैं। बी.डी.एस. में शानदार प्रदर्शन के बाद अब उन्होंने दंत चिकित्सा के क्षेत्र में विशेषज्ञता हासिल करने का निर्णय लिया है। वे आगे एम.डी.एस. की पढ़ाई कर स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में अपना योगदान देना चाहती हैं। अनन्या की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों और शुभचिंतकों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। उनका यह प्रदर्शन जबलपुर के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगा।



### नि :शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन करते की सेवा

**नवभारत,जबलपुर।** गुड फ्राइडे के पावन अवसर पर सर्व ईसाई महासभा, जबलपुर द्वारा सेवा दिवस के अंतर्गत रक्तदान शिविर, नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर एवं राशन वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत 30 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया, वहीं 130 से अधिक लोगों की नि:शुल्क नेत्र जांच की गई और साथ ही असहाय महिलाओं एवं बुजुर्गों को राशन सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक विनय सक्सेना , कांग्रेस जिला अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा , वरिष्ठ भाजपा नेता धीरज पटेरिया , नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा , पार्षद संतोष दुबे , संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जैरी पॉल, बिशप पीटर जॉनसन, रेव्ह मलार सेल्वन , पास्टर स्टेनली सुकुमार , राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डेविड फ्रांसिस , प्रदेश अध्यक्ष विनोद चैंबर्स, सचिव डेन्ज़िल आंग्रे , प्रदेश उपाध्यक्ष आशीष सलोमान, महासचिव डेविस समाधानम, मनीष चार्ल्स, राजा बाबू, मेशक चौधरी जी, ममतल सालोमन, सनी सहित समाज के अन्य प्रतिष्ठित नागरिक मौजूद रहे।

### 14 अप्रैल को मनाई जाएगी बाबा साहब की 135वीं जयंती

**नवभारत,जबलपुर।** विश्वरत्न बोधिसत्व डॉ. बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर संयुक्त जयंती महोत्सव समिति जबलपुर के द्वारा डॉ. बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर चौक हाईकोर्ट के पास प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 14 अप्रैल को डॉ. बाबा साहेब की 135वीं जयंती मनाई जाएगी। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि 14 अप्रैल को आंबेडकर चौक हाईकोर्ट के पास महिला की शिक्षा की जनक महात्मा ज्योतिबा फुले जी की 199वीं जयंती भी मनाई जाएगी। कार्यक्रम का शुभारंभ भिक्खुनी निम्मलमेत्ता, नागपुर, मुख्य अतिथि प्रो अपूर्वानंद दिल्ली यूनिवर्सिटी, विशिष्ट अतिथि आयुष्मान विजय सुरवाड़े लेखक मुंबई द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रत की अध्यक्षता आयुष्मान यादवराव मेश्राम द्वारा की जाएगी।

# ऐतिहासिक खुमानताल का होगा जीर्णोद्धार : निगमायुक्त

जल संरक्षण के लिए निगमायुक्त की मुहिम तेज



**नवभारत,जबलपुर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत शहर के जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने और भूजल स्तर को सुधारने के लिए नगर निगम ने प्रयास तेज कर दिया है। इसी कड़ी में निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने शनिवार कोमहाराजपुर क्षेत्र का सघन भ्रमण कर ऐतिहासिक खुमानताल तालाब एवं स्थानीय मुक्तिधाम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि नगर निगम का मुख्य लक्ष्य घरों का पानी घर में और शहर का पानी शहर में सहेजना है, ताकि वर्षाजल को संरक्षित किया जा सके ।

ऐतिहासिक खुमानताल की स्थिति का जायजा लेते हुए निगमायुक्त ने जल की शुद्धता और स्वच्छता को लेकर कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तालाबों और बावलियों का संरक्षण हमारी प्राथमिकता है। इस दौरान निगमायुक्त द्वारा तालाब के चारों तरफ सफाई करने के निर्देश अधिकारियों दिए गए। उन्होनें कहा कि तालाब के किनारे नागरिकों के भ्रमण हेतु पाथ-वे का निर्माण किया जाएगा, क्षेत्र में उचित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित कर इसे एक दर्शनीय स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा।

### मुक्तिधाम में सुदृढ़ होंगी सुविधाएं

महाराजपुर मुक्तिधाम के निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने वहां आने वाले नागरिकों की सुविधा के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अंतिम संस्कार के लिए आने वाले परिजनों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। मुक्तिधाम को पूर्ण रूप से व्यवस्थित करने निर्देश दिए। इस अवसर पर पार्षद लक्ष्मण गोटियां, योगेंद्र सिंह यूके, कुणाल सिंह, संतोष दुबे, अमित साहू, अशोक रजक, बबलू जायसवाल, लक्ष्मण पाठक के साथ निगम के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

उपलब्धि | पहली तिमाही में अब तक की सबसे अधिक बिक्री दर्ज,अब तक 20,028 कारों की बिक्री

# स्कोडा ऑटो इंडिया ने जारी रखा तेज विकास




**नवभारत,जबलपुर।** स्कोडा ऑटो इंडिया ने 2026 में भी अपनी मजबूत विकास गति को जारी रखते हुए पहली तिमाही (जनवरी-मार्च) में 20,028 यूनिट्स की बिक्री के साथ अब तक की सबसे अधिक तिमाही बिक्री दर्ज की है। यह पिछले वर्ष की समान अवधि में बेची गई 17,138 कारों की तुलना में 17 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। वर्ष 2025 के ऐतिहासिक प्रदर्शन के बाद, स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपनी विकास गति को बनाए रखा है और लगातार नए रिकॉर्ड स्थापित कर रही है, जिससे भारतीय बाजार में इसकी पकड़ और मजबूत हो रही है।

स्कोडा ऑटो इंडिया के प्रदर्शन को स्कोडा काइलैक की मजबूत और लगातार माँग ने प्रमुख रूप से आगे बढ़ाया है, जिसने हाल ही में 50,000 बिक्री का आँकड़ा पार किया है। इसके साथ ही नए स्कोडा कुशाक की शुरुआत, स्कोडा स्लाविया का स्थिर योगदान और प्रीमियम एसयूवी सेगमेंट में स्कोडा कोडियाक की निरंतर माँग ने भी इस वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए आशीष गुप्ता, ब्रांड डायरेक्टर, स्कोडा ऑटो इंडिया, ने कहा है कि 'वर्ष 2026 में अपनी अब तक की सबसे बड़ी तिमाही के साथ विकास की इस तेज़ रफ्तार को जारी रखना पिछले एक वर्ष में बनाए गए हमारे मजबूत आधार का प्रमाण है। वर्ष 2025 में रिकॉर्ड उपलब्धि हासिल करने के बाद, यह देखना उत्साहजनक है कि हम इस गति को बनाए रखते हुए लगातार नए मानक भी स्थापित कर रहे हैं। यह वृद्धि हमारे मजबूत और अधिक सुलभ प्रोडक्ट पोर्टफोलियो, व्यापक बाज़ार पहुँच और ग्राहक-केंद्रित पहलों पर बढ़ते फोकस का परिणाम है। स्कोडा काइलैक लगातार नए ग्राहकों और नए क्षेत्रों तक ब्रांड की पहुँच बढ़ा रही है, वहीं हाल ही में लॉन्च की गई स्कोडा कुशाक ने भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। इसके साथ ही स्कोडा स्लाविया और स्कोडा कोडियाक अपने-अपने सेगमेंट में स्थिर माँग बनाए हुए हैं। आगे बढ़ते हुए, हमारा ध्यान प्रासंगिक उत्पादों के लॉन्च, अपने नेटवर्क के विस्तार और समग्र ओनरशिप अनुभव को बेहतर बनाकर इस गति को बनाए रखने पर केंद्रित रहेगा।'

### विश्वास का निर्माण लगातार बढ़ रहा नेटवर्क

स्कोडा ऑटो इंडिया ग्राहकों के भरोसे को मजबूत करने के लिए ओनरशिप अनुभव और आफ्टरसेल्स सपोर्ट पर विशेष ध्यान देना जारी रखे हुए है। स्कोडा सुपर केयर की शुरुआत ने एक नया मानक स्थापित किया है, जिसमें पूरे रेंज पर 4 वर्ष की स्टैंडर्ड वॉरंटी, 4 वर्षों की रोडसाइड असिस्टेंस और 4 लेबर-फ्री सर्विस शामिल हैं, जिससे ग्राहकों को पूरी तरह मानसिक शांति और अनुमानित मेंटेनेंस लागत का लाभ मिलता है। 330 से अधिक कस्टमर टचपॉइंट्स के बढ़ते नेटवर्क के साथ, जो 180 से अधिक शहरों में फैला हुआ है, स्कोडा ऑटो इंडिया अपनी पहुँच का विस्तार कर रहा है और स्थापित तथा उभरते बाजारों में ग्राहकों को सहज और विश्वसनीय ओनरशिप अनुभव सुनिश्चित कर रहा है।



# कुर्मी क्षत्रिय समाज का राष्ट्रीय महाधिवेशन शुरू

देशभर से पधारे 4000 सामाजिक बंधु , 24 राज्यों के शामिल हुए प्रतिनिधि

**नवभारत,जबलपुर।** अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में दो दिवसीय 46वें राष्ट्रीय महाधिवेशन एवं पांचवें महिला महाधिवेशन का शुभारंभ शनिवार को दाऊ मैरिज गार्डन, महाराजपुर बायपास में हुआ।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल रहीं। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि वेटनरी एवं पशु पालन मंत्री लखन पटेल रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में अनुप्रिया पटेल ने सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद देश के लगभग 24 राज्यों से आए प्रतिनिधियों के सम्मान में महिलाओं ने 24 कलश स्थापित कर पारंपरिक तरीके से मुख्य अतिथि का भव्य स्वागत किया। इस दौरान भारत माता का रूप धारण किए एक बालिका ने देशभक्ति का संदेश प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. वी.एस. निरंजन, राष्ट्रीय प्रवक्ता गणेश चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री रामखेलावन पटेल, राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष लता ऋषि चंद्राकर, युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरज पाटीदार तथा जिलाध्यक्ष कुर्मी विवेक चौधरी, महासचिव कैप्टन ओमप्रकाश सचान, कोषाध्यक्ष राममिलन पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश पटेल सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।आयोजकों के अनुसार अधिवेशन में देशभर से 4000 से अधिक सामाजिक बंधु भाग ले रहे हैं, जिसमें समाज की एकता, प्रगति और विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की जाएगी।